**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4976**
**दिनांक 1 अप्रैल, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कार्बेवैक्स टीके की सुरक्षा और प्रभावकारिता**

**4976. श्री दीपक अधिकारी (देव):**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार ने टीके की सुरक्षा और प्रभावकारिता के आंकड़ों का पता लगाने के बाद, 12-14 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों के टीकाकरण के लिए कॉर्बेवेक्स नामक एक नए कोविड-19 टीके को मंजूरी दी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उक्त टीके के डाटा की अन्य टीकों की तुलना में समीक्षा की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उक्त आयु वर्ग में कॉर्बेवेक्स के उपयोग को अभी एनटीएजीआई द्वारा अनुमोदित किया जाना शेष है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या इस टीके में प्रयुक्त प्रोटीन उप-इकाई वाइल्ड वुहान सार्स-कोव-2 टाइप वायरस है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार के पास ओमीक्रोन और कोविड वायरस के अन्य प्रकारों के विरुद्ध इसकी प्रभावकारिता के संबंध में कोई डाटा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ङ): 5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों में किए गए चरण-II/III नैदानिक परीक्षण की अंतरिम सुरक्षा और प्रतिरक्षा क्षमता के आधार पर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने विषय विशेषज्ञ समिति (सीईसी) के साथ परामर्श करके 12 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में आपातकालीन स्थिति में प्रतिबंधित उपयोग के लिए मैसर्स बायलॉजिकल ई लिमिटेड को सार्स-कोव-2 टीके के निमार्ण की अनुमति दी है।
आम तौर पर विशेष टीकों की नैदानिक परीक्षण की सहकर्मी समीक्षा उन क्षेत्र के ज्ञान विशेषज्ञों तथा वैज्ञानिकों द्वारा की जाती है जिन्होंने इन टीकों का विकास और निर्माण किया है या जिन्हें इस प्रकार के टीकों या टीकाकरण प्रक्रिया का ज्ञान होता है।
भारत सरकार ने क्षेत्र के ज्ञान विशेषज्ञों की अनुसंशा पर 16 मार्च 2022 से 12-14 वर्ष की आयु के लाभार्थियों पर कोविड-19 टीकाकरण को विस्तारित किया है।

कोरबीवैक्स टीके की वुहान, डेल्टा तथा बीटा वेरिएंट्स को देश में किए गए इसके चरण II/III के नैदानिक परीक्षण और चरण III इम्युनोजेनिक सुपरियारिटी नैदानिक परीक्षण के विरूद्ध एंटीबॉडी टाइटर्स को न्यूट्रीलाईज करने के लिए जांच की गई है और इसके प्रतिरक्षाजन्य होने की सूचना है। वैक्सीन सहित मौजूदा काउंटर उपायों पर ऑमिक्रॉन वेरिएंट के संभावित प्रभाव की विश्व भर के तकनीकी समूहों द्वारा जांच की जाती है। राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यमक्रम में उपयोग किए गए टीके कोविड-19 के कारण हुई गंभीरता के जोखिम को रोकने के लिए प्रभावी रहता है।